# नगर निगम,कानपुर
## पार्किंग स्थलों पर पार्किंग शुल्क/यूजर वसूलने हेतु
## निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, कानपुर के जोन–1,2,3,4,5 व 6 की सीमान्तर्गत लगने वाले पार्किंग स्थलों से वित्तीय वर्ष–2025–26 के लिये पार्किंग शुल्क/यूजर चार्ज की दैनिक वसूली के ठेके पाँच वर्ष की अवधि के लिए ई–टेण्डरिंग की वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। ई–टेण्डर निर्धारित दिनांक– 28.02.2026 प्रातः 11.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे, जोकि दिनांक 28.02.2026 को सायंकाल 4:00 बजे अपर नगर आयुक्त (प्रथम) महोदय के कक्ष मे निविदादाताओं की उपस्थिति में खोले जायेगें। टेण्डर/आफर अधिकतम बोली की पूर्ण धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/पे–आर्डर, पार्किंग स्थल हेतु न्यूनतम आरक्षित धनराशि के 5% का एफ0डी0/डी0डी0आर0 मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, नगर निगम, कानपुर के पक्ष में जमा करना अनिवार्य होगा। टेण्डरदाता (निविदादाता) को निविदा शुल्क की धनराशि रू0 10,000.00 का 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 अतिरिक्त का ऑनलाइन (10000+18% GST= 11800.00), रू0 50 लाख का वैध हैसियत प्रमाण–पत्र जो कि जिला प्रशासन द्वारा जारी किया गया हो, असिसमेन्ट वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 तीन वित्तीय वर्ष का आई0टी0आर0,बैलेन्स शीट, जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र, वैध चरित्र प्रमाण पत्र टेण्डर आफर के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/पे–आर्डर व उक्त प्रपत्र संलग्न न होने की दशा में ऐसे ई–टेन्डर पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यदि दिये गये आफर से कम का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न किया गया तो निविदा मान्य नहीं होगी तथा जमा धनराशि जब्त कर ली जायेगी। पार्किंग व्यवस्था के संचालन किये जाने से सम्बन्धित नियम व शर्तें ई–टेण्डरिंग की वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है। पूर्व निविदा प्रश्न (PRE-BID QUERIES) की अंतिम दिनांक 13.02.2026 है, जो ई–मेल **kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in** के माध्यम से भेजी जा सकती है तथा पूर्व निविदा बैठक (PRE-BID MEETING) दिनांक 16.02.2026 को अपर नगर आयुक्त (प्रथम) कार्यालय नगर निगम, कानपुर में आयोजित की जायेगी। अन्य जानकारी हेतु प्रभारी अधिकारी "पार्किंग" दूरभाष नं0 8429525821 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**जोन–1 के सीमान्तर्गत पार्किंग निविदा तिथि– 28.02.2026**

| निविदा शुल्क | जमानती धनराशि | अंतिम निविदा दिनांक | तकनीकी निविदा दिनांक |
|---|---|---|---|
| रू0 10,000.00 + 18% GST = 11800.00 | 48,600/– | 28.02.2025 | 28.02.2025 |

**जोन–2 के सीमान्तर्गत पार्किंग निविदा तिथि– 28.02.2026**

| निविदा शुल्क | जमानती धनराशि | अंतिम निविदा दिनांक | तकनीकी निविदा दिनांक |
|---|---|---|---|
| रू0 10,000.00 + 18% GST = 11800.00 | 2,51,100/– | 28.02.2025 | 28.02.2025 |

**जोन–3 के सीमान्तर्गत पार्किंग निविदा तिथि– 28.02.2026**

| निविदा शुल्क | जमानती धनराशि | अंतिम निविदा दिनांक | तकनीकी निविदा दिनांक |
|---|---|---|---|
| रू0 10,000.00 + 18% GST = 11800.00 | 3,07,800/– | 28.02.2025 | 28.02.2025 |

**जोन–4 के सीमान्तर्गत पार्किंग निविदा तिथि– 28.02.2026**

| निविदा शुल्क | जमानती धनराशि | अंतिम निविदा दिनांक | तकनीकी निविदा दिनांक |
|---|---|---|---|
| रू0 10,000.00 + 18% GST = 11800.00 | 3,15,900/– | 28.02.2025 | 28.02.2025 |

**जोन–5 के सीमान्तर्गत पार्किंग निविदा तिथि– 28.02.2026**

| निविदा शुल्क | जमानती धनराशि | अंतिम निविदा दिनांक | तकनीकी निविदा दिनांक |
|---|---|---|---|
| रू0 10,000.00 + 18% GST = 11800.00 | 8,26,200/– | 28.02.2025 | 28.02.2025 |

**जोन–6 के सीमान्तर्गत पार्किंग निविदा तिथि– 28.02.2026**

| निविदा शुल्क | जमानती धनराशि | अंतिम निविदा दिनांक | तकनीकी निविदा दिनांक |
|---|---|---|---|
| रू0 10,000.00 + 18% GST = 11800.00 | 5,75,100/– | 28.02.2025 | 28.02.2025 |

अपर नगर आयुक्त

नगर आयुक्त